भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1172
उत्तर देने की तारीख: 25.07.2022

पीठों की स्थापना

†1172. श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) :
डॉ. सुकान्त मजूमदारः
श्री भोला सिंहः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश भर के विश्वविद्यालयों में प्रसिद्ध महिलाओं के नाम पर कई पीठों की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो विश्वविद्यालय-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त प्रयोजन के लिए स्वीकृत और जारी की गई धनराशि कितनी है;

(घ) विभिन्न विश्वविद्यालयों में जिन प्रतिष्ठित महिलाओं के नाम पर पीठों की स्थापना की गई हैं उनके नाम क्या हैं; और

(ङ) क्या सरकार का महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विश्वविद्यालयों और देश के अन्य संस्थानों में ऐसी और पीठ स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ड.): विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सूचित किया है कि उनके द्वारा भारत की प्रख्यात महिला शिक्षाविदों/प्रशासकों/कलाकारों/वैज्ञानिकों/पर्यावरणविदों/समाज सुधारकों आदि के नाम पर दस पीठों की स्थापना की कार्रवाई की जा रही है जिनका वित्तपोषण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

*****